उत्तर प्रदेश शासन
पंचायतीराज अनुभाग–1
संख्या–1860 / 33–1–2014–182 / 2000
लखनऊ: दिनांक: 31 दिसम्बर, 2014

<u>कार्यालय–ज्ञाप</u>

शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या–495 / 33–1–2014–182 / 2000, दिनांक 25–2–2014 द्वारा मौलिक रूप से नियुक्त / पदोन्नत जिला पंचायत राज अधिकारियों की पारस्परिक अनन्तिम ज्येष्ठता सूची प्रसारित करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों की आपत्ति, यदि कोई हो तो दिनांक 15 मार्च, 2014 तक शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गये थे। इस आदेश में यह भी इंगित किया गया था कि यदि निर्धारित तिथि तक किसी अधिकारी की आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो यह समझा जायेगा कि उन्हें उनकी ज्येष्ठता के संबंध में कोई आपत्ति नहीं है और ज्येष्ठता सूची को अंतिम रूप दे दिया जायेगा।

2– निर्धारित तिथि तक शासन में प्राप्त जिला पंचायतराज अधिकारियों की आपत्तियाँ / उन पर स्थिति निम्नवत हैः–

(1) श्री इन्द्रपाल सोनकर द्वारा प्राप्त आपत्ति में ज्येष्ठता कमांक–33 से 51 तक में 12 सहायक विकास अधिकारी (पं0) को जिला पंचायत राज अधिकारी पद पर पदोन्नत किया गया है, जिसमें अनुसूचित जाति से पदोन्नत नहीं किया गया है।

श्री सोनकर नियमित जिला पंचायतराज अधिकारी नहीं हैं, बल्कि यह मूलतः सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) हैं। अतः श्री सोनकर की आपत्ति ग्राह्य नहीं है।

(2) श्री रवीन्द्र राय, जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा प्रस्तुत आपत्ति में ज्येष्ठता कमांक–37 पर अंकित श्री अनिल कुमार सिंह जिनका चयन वर्ष–1994 है, किन्तु यह पदोन्नति प्राप्त हैं, का सही स्थान अंकित करने का अनुरोध किया गया है।

श्री रवीन्द्र राय, जिला पंचायत राज अधिकारी, सीतापुर की प्राप्त आपत्ति ज्येष्ठता नियमावली, 1991 के अनुरुप होने के कारण कमांक–38 पर अंकित श्री अनिल कुमार सिंह (पदोन्नत) का नाम कमांक–39 तथा श्री अनिल कुमार सिंह (सीधी भर्ती) का नाम कमांक–40 पर अवधारित कर दिया गया है।

(3) श्री कृष्ण कान्त मिश्र द्वारा प्रस्तुत आपत्ति में प्रकाशित ज्येष्ठता से पृथक जिला पंचायत राज अधिकारी के पद पर पदोन्नति प्रदान करने का अनुरोध किया गया है। श्री कृष्ण कान्त मिश्र की नियमित जिला पंचायतराज अधिकारी के पद पर पदोन्नति

आदेश दिनांक 13–8–2014 निर्गमन के उपरान्त श्री मिश्र का नाम ज्येष्ठता सूची में सम्मिलित कर दिया गया है।

(4) श्री राजेन्द्र प्रसाद मिश्र, जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा निर्गत अनन्तिम ज्येष्ठता सूची के कमांक–27 से 32 तक जिला पंचायत राज अधिकारी कमशः सर्वश्री सुरेन्द्र कुमार सिंह, संजय कुमार बरनवाल, राम सजन, श्री जयदीप त्रिपाठी, सुरेन्द्र नाथ सिंह, श्री महेन्द्र सिंह की ज्येष्ठता का उल्लेख करते हुए योगदान तिथि के आधार पर ज्येष्ठता निर्धारित करने का अनुरोध किया गया है।

अनन्तिम ज्येष्ठता सूची के कमांक–27 से 32 तक अंकित जिला पंचायत राज अधिकारी सर्वश्री– सुरेन्द्र कुमार सिंह, संजय कुमार बरनवाल, राम सजन, जयदीप त्रिपाठी, सुरेन्द्र नाथ सिंह एवं महेन्द्र सिंह का चयन वर्ष 1991 है और श्री राजेन्द्र प्रसाद मिश्र का चयन वर्ष 1993 है। साथ ही ज्येष्ठता नियमावली में मौलिक रूप से नियुक्त/पदोन्नति प्राप्त जिला पंचायतराज अधिकारियों का चयन वर्षवार पारस्परिक ज्येष्ठता के आधार पर स्थान अवधारित किए जाने का प्रावधान है। अतः श्री मिश्र की आपत्ति ग्राह्य नहीं है।

(5) श्री ए0के0 सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी, जौनपुर द्वारा प्रस्तुत अनन्तिम ज्येष्ठता सूची में अपना नान ज्येष्ठता कनांक–26 पर अंकित करने का अनुरोध किया गया है।

श्री अनिल कुमार सिंह का चयन वर्ष 1994 है। अतः कमांक–26 पर ज्येष्ठता अवधारित करने का प्रश्न नहीं उठता है। इसलिए श्री अनिल कुमार सिंह की आपत्ति ग्राह्य नहीं है।

(6) श्री संजय कुमार बरनवाल, जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा सेवा पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ की प्रति संलग्न करते हुए कमांक–28 पर अंकित मौलिक रूप से नियुक्ति की तिथि 23–09–1994 के स्थान पर 19–09–1994 करने का अनुरोध किया गया है।

श्री संजय बरनवाल की नियुक्ति तिथि सेवा पुस्तिका के अनुसार संशोधित कर दी गयी है।

(7) श्री सुशील कुमार शर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा श्री सुरेन्द्र कुमार सिंह जिनका ज्येष्ठता कमांक–27 पर है, के ऊपर अपना नाम अंकित करने का अनुरोध किया गया है।

श्री सुरेन्द्र कुमार सिंह का चयन वर्ष 1991 तथा श्री सुशील कुमार शर्मा का चयन वर्ष 1995 है। अतः उक्त आपत्ति ग्राह्य नहीं है।

(8) श्री डी0सी0 सक्सेना, उप निदेशक (पं0) द्वारा प्रसारित अनन्तिम ज्येष्ठता सूची में अंकित जन्मतिथि 01–06–1956 के स्थान पर 01–01–1956 अंकित करने का अनुरोध किया गया है साक्ष्य के रूप में सेवापुस्तिका का प्रथम पृष्ठ की प्रमाणित प्रति संलग्न की गयी है।

श्री सक्सेना द्वारा उपलब्ध करायी गयी सेवा पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ की छाया प्रति के अनुसार ज्येष्ठता सूची में संशोधन कर दिया गया है।

(9) श्री योगेन्द्र कटियार, जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा जारी अनन्तिम ज्येष्ठता सूची के कमांक–54 पर मौलिक रूप से नियुक्त दिनांक 11–08–2001 का उल्लेख करते हुए कमांक–34 से 51 तक अंकित जिला पंचायत राज अधिकारियों को जिनकी मौलिक नियुक्ति दिनांक 13–07–2012 है, के आधार पर अपनी ज्येष्ठता इन अधिकारियों के ऊपर अवधारित करने का अनुरोध किया गया है।

इस संबंध में चयन वर्ष के आधार पर लोक सेवा आयोग द्वारा प्राप्त संस्तुति दिनांक 16–07–2003 के परिप्रेक्ष्य में कतिपय सहायक विकास अधिकारी (पं0) को जिला पंचायत राज अधिकारी पद पर पदोन्नति आदेश दिनांक 13–7–2012 को जारी किये गये हैं। प्रश्नगत प्रकरण में तत्समय मा0 उच्च न्यायालय से स्थगन आदेश पारित हो जाने के कारण प्रोन्नति आदेश निर्गत नहीं किये जा सके। उक्त स्थगन आदेश अपास्त हो जाने के फलस्वरूप शासन के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 13–07–2012 द्वारा प्रोन्नत आदेश जारी किए गये हैं। यदि स्थगन आदेश प्राप्त नहीं होता तो प्रोन्नति आदेश वर्ष 2003 में ही जारी हो जाते। अतः ज्येष्ठता नियमावली, 1991 में विहित प्राविधानानुसार मौलिक रूप से नियुक्त/पदोन्नति प्राप्त अधिकारियों का चयन वर्षवार पारस्परिक ज्येष्ठता के आधार पर स्थान अवधारित किया गया है। अतः आपत्ति ग्राह्य नहीं है।

(10) श्री देवता प्रसाद सरोज, प्रभारी जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा प्रस्तुत आपत्ति में मा0 अधिकरण में दायर निर्देश याचिका संख्या–449/1999 में पारित आदेश दिनांक 27–02–2001 के अनुपालन में जिला पंचायत राज अधिकारी की ज्येष्ठता सूची में नाम सम्मिलित किये जाने का अनुरोध किया गया है।

श्री देवता प्रसाद नियमित जिला पंचायतराज अधिकारी नहीं है, बल्कि यह मूलतः सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) हैं। अतः श्री सरोज की आपत्ति ग्राह्य नहीं है।

(11) श्री अभय कुमार शाही, जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा जारी अनन्तिम ज्येष्ठता सूची में कमांक–53 पर स्वयं की मौलिक रूप से नियुक्ति 23–08–2011 बतायी गयी है। कमांक–33 से 51 तक अंकित जिला पंचायत राज अधिकारियों की मौलिक नियुक्ति दिनांक 13–7–2012 है। अतः इन अधिकारियों के ऊपर ज्येष्ठता निर्धारित किए जाने का अनुरोध किया गया है। उपर्युक्त प्रस्तर–2(9) में अंकित स्थिति के अनुसार श्री शाही की आपत्ति स्वीकार नहीं है।

(12) श्री आनन्द प्रकाश त्रिपाठी, प्रभारी जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा प्रस्तुत आपत्ति मे मा0 राज्य लोक सेवा अधिकरण में दाखिल निर्देश याचिका संख्या–389/1991 आनन्द प्रकाश त्रिपाठी बनाम उ0प्र0 सरकार व अन्य में मा0 अधिकरण द्वारा पारित आदेश दिनांक 01–03–1993 के अनुपालन में दिनांक 22–12–1990 से जिला पंचायत राज अधिकारी के रूप में पद पर तैनात है। अतः मा0 न्यायालय द्वारा पारित आदेशों के कम में ज्येष्ठता सूची में अपना नाम सम्मिलित किए जाने का अनुरोध किया गया हैं।

श्री आनन्द प्रकाश त्रिपाठी लोक सेवा आयोग से नियमित प्रोन्नति प्राप्त जिला पंचायतराज अधिकारी नहीं है, बल्कि यह मूलतः सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) हैं। अतः श्री त्रिपाठी की आपत्ति ग्राह्य नहीं है।

(13) श्रीमती प्रवीणा चौधरी, जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा प्रस्तुत आपत्ति में यह उल्लेख किया गया है कि अनन्तिम ज्येष्ठता सूची के कमांक–03, 05, 08, 11, 12, 25, 26, 33 व 36 पर सेवानिवृत्त/मृतक अधिकारियों का नाम अंकित है, को पृथक करने तथा अनन्तिम ज्येष्ठता सूची के कमांक–34, 35, 38, 41, 42 व 43 पर अंकित अधिकारियों की मौलिक नियुक्ति की तिथि 13–7–2012 है, जबकि उनकी मौलिक नियुक्ति की तिथि 19–1–1998 अंकित है, अतः मौलिक नियुक्ति के आधार पर उ0प्र0 सरकारी सेवक ज्येष्ठता नियमावली–1991 के आधार पर यथा स्थान अवधारित करने का अनुरोध किया गया हैं।

उक्त प्राप्त आपत्ति के कम में अनन्तिम ज्येष्ठता सूची में उल्लिखित सेवानिवृत्त/मृतक अधिकारियों के नाम ज्येष्ठता सूची से पृथक किया जाना उचित नहीं है। सेवानिवृत्त कर्मी/मृतक के आश्रित कभी भी संबंधित के सेवा संबंधी प्रकरण पर पृच्छा/आपत्ति कर सकते हैं। चयन वर्ष के आधार पर लोक सेवा आयोग द्वारा प्राप्त संस्तुति दिनांक 16–7–2003 के परिप्रेक्ष्य में कतिपय सहायक विकास अधिकारी (पं0) को जिला पंचायत राज अधिकारी पद पर नियमित पदोन्नति आदेश दिनांक

13–7–2012 द्वारा निर्गत किये गये हैं। प्रकरण में तत्समय मा0 उच्च न्यायालय से स्थगन आदेश पारित होने के कारण प्रोन्नति आदेश निर्गत नहीं किये जा सके। स्थगन आदेश अपास्त हो जाने के उपरान्त शासन के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 13–7–2012 द्वारा प्रोन्नत आदेश निर्गत किये गये है। यदि प्रकरण में स्थगन आदेश पारित नहीं होता, तो प्रोन्नति आदेश तत्समय ही जारी हो जाते। ज्येष्ठता नियमावली, 1991 में विहित प्राविधानानुसार मौलिक रूप से नियुक्त/पदोन्नति प्राप्त अधिकारियों का चयन वर्षवार पारस्परिक ज्येष्ठता के आधार पर स्थान अवधारित किया गया है। अतः श्रीमती प्रवीणा चौधरी, जिला पंचायतराज अधिकारी की आपत्ति स्वीकार किए जाने योग्य नहीं है।

3– अनन्तिम ज्येष्ठता सूची निर्गत किए जाने एवं अंतिम ज्येष्ठता सूची प्रख्यापित किए जाने संबंधी कार्यवाही के मध्य लोक सेवा आयोग उ0प्र0 द्वारा वर्ष 2003 में सम्पन्न हुई पदोन्नति समिति की बैठक की संस्तुति के अनुसार 03 अधिकारियों (श्री राम आसरे दुबे, श्री सतीश कुमार सैनी एवं श्री कृष्ण कान्त मिश्र), जिनके संबंध में लोक सेवा आयोग द्वारा पदोन्नति हेतु संस्तुति की गयी थी, किन्तु उनके पदोन्नति आदेश निर्गमन के समय उनके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही प्रचलित होने के कारण उनके पदोन्नति आदेश तत्समय निर्गत नहीं किए जा सके थे। इन अधिकारियों के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही समाप्त होने के उपरान्त कार्यालय ज्ञाप दिनांक 13 अगस्त, 2014 द्वारा पदोन्नति आदेश निर्गत किए गये हैं। अतः चयन वर्षवार इन अधिकारियों के नाम भी अंतिम ज्येष्ठता सूची में सम्मिलित कर लिए जाने के फलस्वरूप पूर्व में निर्गत अनन्तिम ज्येष्ठता सूची के कमांक में परिवर्तन हो गया है।

4– उपर्युक्त विवेचना एवं लिए गये निर्णय के आधार पर सम्यक विचारोपरान्त मौलिक रूप से नियुक्त/पदोन्नत जिला पंचायतराज अधिकारियों की अन्तिम ज्येष्ठता सूची प्रकाशित की जाती है, जो संलग्न है।

चंचल कुमार तिवारी
प्रमुख सचिव।

संख्या–1860(1)/33–1–2014, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– निदेशक, पंचायतीराज, उ0प्र0 लखनऊ।
2– समस्त सम्बन्धित अधिकारीगण।

आज्ञा से,
(विनोद कुमार)
अनु सचिव।

कार्यालय ज्ञाप संख्या–1860/33–1–2014–182/2000, दिनांक 31 दिसम्बर, 2014 का संलग्नक।

| क्र० सं० | अधिकारी का नाम | जन्म तिथि | गृह जनपद | जिला पंचायत राज अधिकारी के पद पर मौलिक नियुक्ति/पदोन्नति की तिथि | नियुक्ति का प्रकार | वर्तमान पद |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | सर्वश्री सुधन चन्द्र चन्दोला | 12-05-1955 | पौड़ी गढ़वाल | 01-06-1981 | सीधी भर्ती | संयुक्त निदेशक |
| 2 | दिनेश चन्द्र सक्सेना | 01-01-1956 | शाहजहाँपुर | 04-07-1981 | सीधी भर्ती | उप निदेशक |
| 3 | राम कुमार तिवारी (से०नि०) | 30-12-1953 | कुशीनगर | 07-10-1981 | सीधी भर्ती | उपनिदेशक |
| 4 | राजेन्द्र कुमार | 20-07-1955 | इलाहाबाद | 15-09-1981 | सीधी भर्ती | उप निदेशक |
| 5 | सुरेन्द्र जय नारायण (से०नि०) | 27-02-1953 | बाराबंकी | 13-10-1981 | सीधी भर्ती | उप निदेशक |
| 6 | राकेश चर्तुवेदी | 20-09-1956 | जालौन | 18-02-1983 | सीधी भर्ती | उप निदेशक |
| 7 | चन्द्र मौलि पाण्डेय | 01-09-1955 | इलाहाबाद | 13-02-1983 | सीधी भर्ती | उप निदेशक |
| 8 | फकीरे लाल (अनु०जाति) (से०नि०) | 11-11-1950 | उन्नाव | 15-03-1983 | सीधी भर्ती | उप निदेशक |
| 9 | जंग बहादुर सिंह | 05-09-1956 | बाराणसी | 16-09-1983 | सीधी भर्ती | जि०पं०रा०अ० |
| 10 | शिव कुमार पटेल | 24-07-1958 | महराजगंज | 22-10-1983 | सीधी भर्ती | उप निदेशक |
| 11 | श्रीमती रेनू प्रकाश (स्वे०से०नि०) | 08-06-1956 | देवरिया | 15-06-1984 | सीधी भर्ती | उप निदेशक |
| 12 | अरविन्द कुमार सिंह(से०नि०) | 08-01-1954 | आजमगढ़ | 03-10-1983 | सीधी भर्ती | उप निदेशक |
| 13 | रिपु दमन सिंह | 26-07-1956 | आजमगढ़ | 07-10-1987 | सीधी भर्ती | उप निदेशक |
| 14 | कपिल अस्थाना | 01-09-1956 | हरदोई | 17-12-1987 | सीधी भर्ती | उप निदेशक |
| 15 | धर्मबीर सिंह | 30-04-1956 | बुलन्दशहर | 31-08-1985 | सीधी भर्ती | उप निदेशक |
| 16 | अखिलेश चन्द्र पाण्डेय | 11-05-1955 | जौनपुर | 04-06-1986 | सीधी भर्ती | उप निदेशक |
| 17 | सरदार आशफ खाँ | 15-06-1954 | शाहजहाँपुर | 12-05-1986 | सीधी भर्ती | उप निदेशक |
| 18 | कु० मनुस्मृति राय | 07-08-1956 | बलिया | 23-09-1986 | सीधी भर्ती | जि०पं०रा०अ० |
| 19 | कु० नन्दिनी जैन | 28-07-1960 | इलाहाबाद | 27-09-1986 | सीधी भर्ती | जि०पं०रा०अ० |
| 20 | अशोक कुमार शाही | 01-02-1963 | मऊ | 09-03-1990 | सीधी भर्ती | जि०पं०रा०अ० |
| 21 | राम चन्द्र (अनु०जाति) | 01-06-1954 | बस्ती | 31-08-1990 | सीधी भर्ती | उप निदेशक |
| 22 | अरविन्द कुमार सिंह | 01-03-1962 | आजमगढ़ | 06-08-1991 | सीधी भर्ती | जि०पं०रा०अ० |
| 23 | कीर्ति शंकर अवस्थी | 02-04-1961 | इटावा | 06-06-1991 | सीधी भर्ती | जि०पं०रा०अ० |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 24 | एम०पी० दुबे | 02-12-1959 | बाराणसी | 09-06-1992 | सीधी भर्ती | जि०पं०रा०अ० |
| 25 | कैप्टन शिव कुमार शर्मा (मृतक) | 11-12-1957 | मेरठ | 26-06-1993 | सीधी भर्ती | जि०पं०रा०अ० |
| 26 | मोहन सिंह दोहरे (अनु०जाति) (से०नि०) | 10-11-1944 | इटावा | 22-05-1990 | पदोन्नत | जि०पं०रा०अ० |
| 27 | सुरेन्द्र कुमार सिंह | 01-10-1964 | फतेहपुर | 19-04-1995 | सीधी भर्ती | जि०पं०रा०अ० |
| 28 | संजय कुमार बरनवाल | 01-12-1967 | देवरिया | 19-09-1994 | सीधी भर्ती | जि०पं०रा०अ० |
| 29 | राम सजन | 07-01-1965 | बस्ती | 12-10-1994 | सीधी भर्ती | जि०पं०रा०अ० |
| 30 | जयदीप त्रिपाठी | 25-03-1966 | जौनपुर | 19-02-1996 | सीधी भर्ती | जि०पं०रा०अ० |
| 31 | सुरेन्द्र नाथ सिंह | 30-03-1967 | गाजीपुर | 23-11-1995 | सीधी भर्ती | जि०पं०रा०अ० |
| 32 | महेन्द्र सिंह | 28-06-1966 | हमीरपुर | 29-01-1996 | सीधी भर्ती | जि०पं०रा०अ० |
| 33 | अजय कुमार सक्सेना (से०नि०) | 18-02-1953 | बरेली | 13-07-2012 | पदोन्नत | जि०पं०रा०अ० |
| 34 | राजेन्द्र प्रसाद मिश्रा | 01-10-1958 | फैजाबाद | 03-12-2012 | पदोन्नत | जि०पं०रा०अ० |
| 35 | कृष्ण कुमार सिंह | 22-10-1956 | जालौन | 13-07-2012 | पदोन्नत | जि०पं०रा०अ० |
| 36 | ओमप्रकाश सिंह (से०नि०) | 27-01-1953 | गोरखपुर | 13-07-2012 | पदोन्नत | जि०पं०रा०अ० |
| 37 | कृष्ण कान्त मिश्र (से0नि0) | 24-7-1954 | गोण्डा | 13-8-2014 | पदोन्नत | जि०पं०रा०अ० |
| 38 | राम आसरे दुबे | 10-12-56 | गाजीपुर | 13-8-2014 | पदोन्नत | जि०पं०रा०अ० |
| 39 | अनिल कुमार सिंह | 24-01-1957 | जौनपुर | 13-07-2012 | पदोन्नत | जि०पं०रा०अ० |
| 40 | अनिल कुमार सिंह | 03-04-1971 | बाँदा | 06-11-1997 | सीधी भर्ती | जि०पं०रा०अ० |
| 41 | रवीन्द्र राय | 10-03-1956 | आजमगढ | 13-07-2012 | पदोन्नत | जि०पं०रा०अ० |
| 42 | राम जियावन | 04-08-1964 | जौनपुर | 07-11-1997 | सीधी भर्ती | जि०पं०रा०अ० |
| 43 | विश्वास पाल सक्सेना | 28-10-1955 | आगरा | 13-07-2012 | पदोन्नत | जि०पं०रा०अ० |
| 44 | बम्ब बहादुर सिंह | 07-08-1963 | सुल्तानपुर | 23-06-1998 | सीधी भर्ती | जि०पं०रा०अ० |
| 45 | सुशील कुमार शर्मा | 13-04-1957 | मथुरा | 13-07-2012 | पदोन्नत | जि०पं०रा०अ० |
| 46 | दिनेश सिंह | 15-11-1964 | एटा | 14-11-1997 | सीधी भर्ती | जि०पं०रा०अ० |
| 47 | प्रवीण मोहन श्रीवास्तव | 28-08-1955 | फैजाबाद | 13-07-2012 | पदोन्नत | जि०पं०रा०अ० |
| 48 | श्रीमती प्रवीणा चौधरी | 22-04-1973 | रामपुर | 19-01-1998 | सीधी भर्ती | जि०पं०रा०अ० |
| 49 | श्री सतीश कुमार सैनी (से0नि0) | 10-06-1954 | मुरादाबाद | 13-08-2014 | पदोन्नत | जि०पं०रा०अ० |
| 50 | समरजीत यादव | 10-11-1973 | आजमगढ | 07-12-1997 | सीधी भर्ती | जि०पं०रा०अ० |
| 51 | गिरीश चन्द्र रजक (अनु०जाति) | 15-07-1972 | देवरिया | 19-01-1998 | सीधी भर्ती | उप निदेशक |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 52 | रमा शंकर सिंह | 12-03-1955 | आजमगढ | 13-07-2012 | पदोन्नत | जि०पं०रा०अ० |
| 53 | अशोक कुमार श्रीवास्तव | 06-04-1955 | मिर्जापुर | 13-07-2012 | पदोन्नत | जि०पं०रा०अ० |
| 54 | दयाराम कुशवाहा | 04-10-1957 | झांसी | 13-07-2012 | पदोन्नत | जि०पं०रा०अ० |
| 55 | परवेज आलम खॉ | 02-02-1971 | गाजीपुर | 13-08-2001 | सीधी भर्ती | जि०पं०रा०अ० |
| 56 | अभय कुमार शाही | 23-05-1969 | गोरखपुर | 23-08-2001 | सीधी भर्ती | जि०पं०रा०अ० |
| 57 | योगेन्द्र कटियार | 01-07-1970 | इटावा | 11-08-2001 | सीधी भर्ती | जि०पं०रा०अ० |
| 58 | हरिकेश बहादुर (अनु०जाति) | 01-01-1968 | गाजीपुर | 17-08-2001 | सीधी भर्ती | जि०पं०रा०अ० |
| 59 | इजहार अहमद (त्यागपत्र) | 01-07-1970 | अम्बेडकर नगर | 26-09-2006 | सीधी भर्ती | जि०पं०रा०अ० |
| 60 | राम रतन सिंह (से०नि०) | 18-07-1952 | गाजीपुर | 13-07-2012 | पदोन्नत | जि०पं०रा०अ० |
| 61 | राजेन्द्र प्रकाश | 12-08-1978 | इलाहाबाद | 17-10-2008 | सीधी भर्ती | जि०पं०रा०अ० |
| 62 | वीरेन्द्र सिंह | 15-07-1975 | इलाहाबाद | 17-10-2008 | सीधी भर्ती | जि०पं०रा०अ० |
| 63 | मनीष कुमार | 11-11-1975 | चन्दौली | 17-10-2008 | सीधी भर्ती | जि०पं०रा०अ० |
| 64 | अमर जीत | 23-06-1982 | बिजनौर | 06-11-2008 | सीधी भर्ती | जि०पं०रा०अ० |
| 65 | गिरीश चन्द (अनु०जाति) | 16-07-1963 | मैनपुरी | 24-12-2012 | पदोन्नत | जि०पं०रा०अ० |
| 66 | संजय कुमार यादव | 06-07-1977 | आजमगढ | 12-08-2011 | सीधी भर्ती | जि०पं०रा०अ० |
| 67 | उपेन्द्र राज सिंह | 01-01-1981 | जालौन | 20-08-2011 | सीधी भर्ती | जि०पं०रा०अ० |

( विनोद कुमार )
अनु सचिव।